छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर – 19,

नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) 492002

Email - hocecb@gmail.com

क्रमांक 3026/तक./मु./छ.ग.प.सं.मं./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 10/7/2024

।। कार्यालय आदेश।।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा Ease of Doing Business के अंतर्गत स्थापना सम्मति, संचालन सम्मति/सम्मति नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्रों को केवल ऑनलाईन स्वीकार किया जा रहा है। साथ ही परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016, ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जैव अपशिष्ट नियम, 2016, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अंतर्गत प्राधिकार/प्राधिकार नवीनीकरण हेतु भी केवल ऑनलाईन आवेदन लिये जा रहे हैं। परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016, ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 में प्राधिकार/प्राधिकार नवीनीकरण एवं पंजीयन/पंजीयन नवीनीकरण हेतु शुल्क लिये जाने का प्रावधान नहीं है। अतः छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निम्न प्रयोजनों हेतु प्राप्त आवेदनों में आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना है :–

- परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।
- ई– अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।
- जैव अपशिष्ट नियम, 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।
- निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग)

पृ.क्रमांक /तक./मु./छ.ग.प.सं.मं./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक / /2024

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर की ओर कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त अधिकारी, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नवा रायपुर अटल नगर, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर/ भिलाई–दुर्ग/ बिलासपुर/रायगढ़/कोरबा/अंबिकापुर/जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. प्रोग्रामर, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। निर्देशित है कि उक्त आदेश को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की वेबसाईट में अपलोड करें।
5. नोटिस बोर्ड

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग)